प्रश्न सं. [ क्र. 3171 ]

[ 11/7/2024]

परिशिष्ट 'अ'

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, संभाग - नर्मदापुरम

## नगरपालिका परिषद मुलताई से संबंधित वर्ष 2021 से प्राप्त शिकायतें एवं उन पर की गई कार्यवाही का विवरण

### विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 3171

| क्र. | शिकायतकर्ता का नाम | शिकायत प्राप्ति का दिनांक | शिकायत का संक्षिप्त विवरण | शिकायत पर अब तक की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री राहुल पंवार, मुलताई | 12.01.2023 | नगरपालिका परिषद्, मुलताई में पदस्थ सहायक निरीक्षक श्री दुर्गासिंह चंदेल के द्वारा निकाय की राशि के गबन करने संबंधी मामले की जांच बाबत् | 1. संचालनालय के पत्र दिनांक 25.02.2023 के माध्यम से उक्त शिकायत में वर्णित तथ्यों की जांच कराकर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश गए थे। उपरोक्त निर्देश के पालन में उक्त शिकायत की जांच की जाकर इस कार्यालय के पत्र दिनांक 05.06.2023 के माध्यम से जांच प्रतिवेदन संचालनालय को प्रेषित किया गया था।<br>2. जांच प्रतिवेदन के अनुसार पर श्री दुर्गा सिंह चंदेल सहायक राजस्व निरीक्षक नगर परिषद्, मुलताई उत्तरदायी पाए गए हैं। उपरोक्त के दृष्टिगत संचालनालय के पत्र दिनांक 18.07.2023 के माध्यम से इस कार्यालय को श्री चंदेल के विरूद्ध आरोप पत्रादि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।<br>3. उपरोक्त के अनुक्रम में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 24.08.2023 द्वारा संचालनालय को आरोप पत्रादि प्रेषित किए गए थे। परन्तु उक्त आरोप पत्रादि त्रुटिपूर्ण होने के कारण संचालनालय द्वारा पत्र दिनांक 06.03.2024 द्वारा पुनः संशोधित आरोप पत्रादि चाहे गये हैं। |
| 2 | श्री संतोष पंवार | 05.07.2021 | आपराधिक प्रकरण दर्ज उपरांत एक माह से अधिक जेल अभिरक्षा में बंद होने से शासकीय सेवक के विरूद्ध निलंबन कार्यवाही बाबत् | संचालनालय के पत्र दिनांक 10.11.2021 के माध्यम से उक्त शिकायत के संबंध में जांच एवं प्रकरण की वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश गए थे। उपरोक्त निर्देश के पालन में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 10.12.2021 के द्वारा जांच प्रतिवेदन संचालनालय को प्रेषित किया गया, जिसमें शिकायत निराधार पाई गई है। |
| 3 | श्री हेमन्त शर्मा, मुलताई | 07.09.2021 | श्री नितिन कुमार बिजवे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मुलताई का स्थानांतरण किये जाने बाबत्। | संचालनालय के पत्र दिनांक 10.01.2021 के माध्यम से उक्त शिकायत के संबंध में जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश गए थे। उपरोक्त निर्देश के पालन में उक्त शिकायत के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र दिनांक 07.04.2022 के माध्यम से जांच प्रतिवेदन संचालनालय को प्रेषित किया गया, जिसमें शिकायत निराधार पाई गई है। |
| 4 | श्री खुशालीराम कड़ूकार, मुलताई | 06.10.2021 | दैनिक बाजार वसूली का ठेका निरस्त किये जाने की शिकायत | कार्यालय के पत्र दिनांक 17.11.2023 के माध्यम से मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद्, मुलताई से उक्त संबंध में प्रतिवेदन एवं मूल अभिलेख चाहे गए थे, जो कि अप्राप्त है। |

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

सहायक संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
मध्यप्रदेश भोपाल

| क्र. | शिकायतकर्ता का नाम | शिकायत प्राप्ति का दिनांक | शिकायत का संक्षिप्त विवरण | शिकायत पर अब तक की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | श्री सुखदेव पांसे पूर्व विधायक, मुलताई | 30.10.2022 | श्री नितीन कुमार बिजवे मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मुलताई के द्वारा सामग्रियों के क्रय में की गई अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने के संबंध में। | संचालनालय के पत्र दिनांक 26.12.2022 के माध्यम से उक्त शिकायत में वर्णि तथ्यों की जांच कराकर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश गए थे। उपरोक निर्देश के पालन में कार्यालय के पत्र दिनांक 05.01.2023 के माध्यम से मुख नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मुलताई से उक्त संबंध में प्रतिवेद एवं मूल अभिलेख चाहे गए थे, जो कि अप्राप्त है। |
| 6 | श्रीमती नीतू प्रहलाद सिंह परमार, मुलताई | 03.11.2022 | पी.आई.सी. बैठक रजिस्टर की सत्यप्रति उपलब्ध कराई जाने के संबंध में। | |
| | | 03.11.2022 | निकाय के अभिलेखों का अवलोकन करने के संबंध में। | |
| | | 14.11.2022 | श्री नितीन कुमार बिजवे मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मुलताई की विवादस्पद कार्यप्रणाली के संबंध में। | |
| 7 | श्री चन्द्रशेखर देशमुख, माननीय विधायक, मुलताई | 14.12.2022 | बैतूल जिले के मुलताई स्थित आवासीय कॉलोनी ड्रीम लैंड सिटी के रहवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर कॉलोनाईजर एवं कॉलोनाईजर के प्रभाव में भ्रष्टाचारी शासकीय अधिकारियों के संबंध में। | 1. संचालनालय के पत्र दिनांक 18.05.2023 के माध्यम से उक्त शिकायत में वर्णि तथ्यों की जांच कराकर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश गए थे। उपरोक निर्देश के पालन में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 05.06.2023 द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, मुलताई से प्रतिवेदन चाहा गया है। जो कि अप्राप्त है। |
| 8 | श्री सुभाष पंवार, मुलताई | 30.01.2023 | बैतूल जिले के मुलताई नगरपालिका में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री नितिन बिजवे के तानाशाहीपूर्वक व्यवहार एवं नियम विरूद्ध कार्य प्रणाली से मुलताई की जनता को राहत दिलाए जाने के संबंध में। | |
| 9 | श्री मनोज सेवतकर, मुलताई | 24.11.2022 | नगर पालिका परिषद मुलताई मे पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री नितिन बिजवे द्वारा पद का दुरूपयोग कर व्यक्ति विशेष रिश्तेदारो एवं जातिवाद को लाभ पहुचाने बावत् | संचालनालय के पत्र दिनांक 09.12.2022 के माध्यम से उक्त शिकायत में वर्णि तथ्यों की जांच कराकर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे उपरोक्त निर्देश के पालन में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 02.01.2023, 05.0 2024 एवं 11.03.2024 द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद, मुलताई र प्रतिवेदन एवं मूल अभिलेख चाहे गए थे, जो अप्राप्त है। |

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

सहायक संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
मध्यप्रदेश भोपाल

| शिकायतकर्ता का नाम | शिकायत प्राप्ति का दिनांक | शिकायत का संक्षिप्त विवरण | शिकायत पर अब तक की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 |
| श्रीमती नीतू प्रहलाद सिंह परमार, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, मुलताई | 18.12.2022 | श्री नितिन कुमार बिजवे मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मुलताई के विरूद्व उचित कार्रवाई किए जाने के संबंध में। | 1. शिकायत की जांच किए जाने के लिए संचालनालय के आदेश दिनांक 10.01.2003 द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया जाकर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। उपरोक्त निर्देश के पालन में जांच समिति द्वारा दिनांक 20.10.2023 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। परन्तु उक्त जांच प्रतिवेदन में कुछ शिकायती बिन्दु स्पष्ट नहीं थे।<br>2. उपरोक्त के दृष्टिगत संचालनालय के पत्र दिनांक 22.02.2024 के द्वारा उक्त बिन्दुओं के संबंध में जांच करते हुए स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। उपरोक्त निर्देश के पालन में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 22.03.2024 एवं 20.06.2024 द्वारा संचालनालय से उक्त बिन्दुओं से संबंधित मूल अभिलेख चाहे गए हैं, जो कि अप्राप्त है। |

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

सहायक संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
मध्यप्रदेश भोपाल

संयुक्त संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
संभाग— नर्मदापुरम